
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 138 • • दिसंबर, 2016 • • मूल्य : 15/- •

## संत लिखमीदास जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव




- 11,000 महिलाओं ने सिर पर धारण किए कलश
- 5500 से अधिक वाहन थे शोभायात्रा में
- 50 ऊँट, घोड़ों पर सवार थे लोग
- 5 बैंडबाजों ने बिखेरी स्वर लहरियां
- 10 किमी पैदल चले श्रद्धालु
- 3 अलग अलग स्थानों से रवाना हो एक जगह त्रिवेणी संगम के रूप में एकत्रित हुई शोभायात्रा
- 10 हजार कार्यकर्ता ने संभाल व्यवस्था
- 40 से 50 हजार लोगों के लिए ठहरने की थी व्यवस्था
- 10 से 15 हजार के करीब वाहन मंदिर परिसर में पहुंचे थे



संतों ने किया माली सैनी संदेश के 2017 कलैण्डर का विमोचन

# माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन



## कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगी :

श्री ब्रह्मसिंह चौहान
श्री साहिबराम गहलोत
श्री जगन्नाथ गहलोत
श्री किशनलाल सांखला
श्री उगमसिंह गहलोत
श्री छोटूसिंह गहलोत

श्रीमती सरोज गहलोत
श्रीमती इंदू गहलोत
श्रीमती मीना सांखला
श्रीमती सुधा गहलोत
श्री राधाकिशन तंवर
श्री धर्मेन्द्र सांखला

श्री सुनील कुमार
श्री पंकज गहलोत
श्री पंकज सांखला
श्री लवजीत पंवार
सुश्री अनुलता गहलोत
सुश्री सुमित्रा गहलोत

श्री भोमाराम माली
श्री भागीरथ गहलोत
श्री पूनमचंद तंवर
श्री निर्मल सोलंकी
श्री ललित गहलोत
श्री सोहन गहलोत

श्री रामेश्वर गहलोत
श्री अचलसिंह गहलोत
श्री सांवर परिहार
श्री रामकिशोर परिहार
श्री अश्वनी सांखला















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 138 ● 30 दिसंबर 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

**आवरण कथा**





- शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता - श्री अशोक गहलोत
- जहां भक्त जन्म लेते है, वह भूमि और कुल भी धन्य है - संत श्री रामप्रसाद जी महाराज
- समाज के दिग्गज एवं वरिष्ठ नेता श्री राजेन्द्र गहलोत बने प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष
- देशभर से आए 300 से अधिक युवाओं ने अपने कल्चर-परिवार के —
- मानवता के मसीहा भगवान सिंह परिहार की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 174 युवाओं ने किया रक्तदान
- पीपाड़ शहर में फिर हुआ द्वितीय रिकॉर्ड तोड़ महारक्तदान
- ऑल इण्डिया माली सैनी समाज के जिलाध्यक्ष बनें लवजीत पंवार
- सैनी महासभा भरतपुर द्वारा भरतसिंह का सार्वजनिक अभिनंदन
- बाबा रामदेव कृषी फार्म पर जैविक खेती देखकर खुशी जताई - उपकुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
- जय मेमोरियल क्लब ने जीता फाइनल मैच
- 1 फरवरी को नाथद्वारा में होगा सामूहिक विवाह
- माली छात्र संघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार
- जिस समाज में सामाजिक बुराईयां पनपती है
- वह समाज कभी तरक्की नहीं कर सकता : रेनूकौर
- अमित सैनी का नेशनल टीम में चयन
- कमलेश सैनी बनी जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष

# सम्पादक की कलम से . . .



## एक व्यापक मंच की आवश्यकता

समाज का सर्वागिण विकास उसकी गतिशीलता, एकत्व की भावना एवं समरसतापूर्ण संगठन पर निर्भर करता है। इस परिप्रक्ष्य में हमारे समाज के विकास वेग को परखने की आवश्यकता इसलिए प्रतीत होती है क्योंकि समकालीन अन्य समाजों की तुलना में हम गतिशीलता, एकत्व एवं समरस - संगठन के तौर पर अत्यन्त पिछड़ा स्थान रखते है।

मेरी यह बात समाज के उस वर्ग को अखरेगी, जो आर्थिक, राजनीतिक, व्यवसायिक या अन्य क्षेत्र में एक अहम स्थान हासिल कर चुके है।, पर उन उन्नत समाज बंधुओं को जरा व्यापक परिप्रेक्ष्य में अपनी दृष्टि को संपूर्ण समाज पर केन्द्रित कर देखना चाहिए। पांच प्रतिशत समाज बंधु यदि अपने बलबूते किसी मुकाम तक पहुंचे हैं तो निश्चित रूप से उनका दायित्व समाज के प्रति और अधिक व्यापक हो जाता है। क्योंकि उनका संपूण्र समाज तो उन्हीं पुरातन परंपराओं में, आर्थिक पिछड़ेपन में, शैक्षिक अवरूद्धता में जकड़ा हुआ है। परंतु क्या समाज का कथित क्रीमी-लेयर वर्ग अपने अस्तित्व को शेष समाज के साथ विलीन करने की कुव्वत रखता है, मुझे इस पर कुछ संदेह है। मेरा यह संदेह सैद्धान्तिक नहीं, यह संदेह दशकों से समाज की स्थित के अवलोकन से उत्पन्न हुआ है, और इस अवलोकन में मुझे समाज की संपूर्ण स्थिति का ग्राफ एक सीधी क्षैतिज दिशा में जाता परिलक्षित होता है, जो कि उर्ध्वगामी होना चाहिए था।

समाज की गतिशीलता, एकत्व व समरसतापूर्ण संगठन की बुनियाद में एक सशक्त व संपूर्ण नेतृत्व की जरूरत रहती है। गतिशीलता हमें पुरातन रूढ़ियों से ऊपर उठाती है, एकत्व व संगठन हमारे समाज के शैक्षिक, बौद्धिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि पहलुओं को प्रगतिशील बनाने का काम करते हैं।

समाज में नेतृत्व अलग-अलग क्षेत्र या पट्टीवार जरूर उभरा हुआ है पर उसका संस्थागत विकास नहीं। अखिल भारतीय स्तर पर समाज की एकता के लिए अनेकों संगठनों का नाम आता है, परन्तु उनकी व्यापकता, कार्य आदि के बारे में मेरी तरह अधिकांश समाज के लोग अनभिज्ञ है। यदि यह संगठन सही मायने में समाज-उत्थान का ध्येय रखते है तो उसे संपूर्ण भारत के प्रत्येक क्षेत्र में समर्पित व्यक्तियों को चिन्हित और प्रोत्साहित कर समाज के जन जन को एक डोर में पिरोन का काम तुरंत प्रभाव से हाथ मे लेना चाहिए। यदि हम ऐसा व्यापक मंच तैयार कर पाते है तो हमारे उत्थान की आधी दौड़ स्वत: जीत ली जावेगी, शेष कार्य का सम्पादन तो अत्यन्त सहज और सुगम हो जावेगा।

समाज में व्याप्त ऐसे कई पहलू है जिन्हें पहचार कर गतिमान समय के साथ चलना तय कर सकते हैं। समाज में बुद्धि की, धन की एवं नेतृत्व की कमी नहीं, परन्तु उसका सदुपयोग एवं समयानुकूल लचीलापन न होने से हम राजनीति, प्रशासन जैसे विविध क्षेत्रों में शून्य का अनुभव कर रहे है। हम मुश्किल हालातों को समझने की बुद्धि रखते है और उनसे पार पाने का हौसला व शक्ति की बस जरूरत है मानसिक मूढ़ता एवं जड़ता को त्यागने की। कड़ी से कड़ी जोड़कर हमें संपूर्ण समाज को एक करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए।



**मनीष गहलोत**

संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्था, अमरपुरा-नागौर द्वारा अमरपुरा में

# श्री लिखमीदासजी के भव्य स्मारक उद्‌घाटन एवं मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव संपन्न





नागौर। संत शिराममाणी श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर द्वारा अमरपुरा में श्री लिखमीदासजी महाराज के भव्य स्मारक के उद्‌घाटन एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव हर्षोल्लास एवं भारी जन समुदाय के बीच शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। माली समाज के इस सर्वोच्च धाम पर आस्था, विश्वास व एकता का जनसैलाब उमड़ा पड़ा।

भव्य स्मारक उद्‌घाटन एवं मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूजनीय आचार्यजी श्री पुरूषोतमदासजी महाराज खेड़ापा पूजीनय संत श्री 108 श्री नृसिंहदासजी महाराज समदड़ी, पूजनीय संत श्री संतोषनाथजी महाराज गुजरात, पूजनीय महामण्डलेश्वर श्री राधावन्ददासजी महाराज बालोतरा, पूजनीय संत श्री चेतनगिरीजी महाराज सोजत सिटी, पूजनीय श्री महन्त हरिरामदासजी महाराज जैतारण, पूजनीय महामण्डलेश्वर श्री कुशालगिरीजी महाराज नागौर, पूजनीय संत श्री कानारामजी रामस्नेही उम्मेदाबाद सायला, पूजनीय रामस्नेही श्री रामप्रसादजी महाराज जोधपुर, पूजनीय कबीर संत श्री भूरदासजी भोपालगढ़ के पावन सानिध्य में तथा समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोकजी गहलोत, समारोह अध्यक्ष श्री प्रभुलालजी सैनी कृषि मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर तथा अतिविशिष्ट अतिथि श्री सी.आर. चौधरी केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार, श्री हब्बीबुर्रहमान विधायक नागौर, श्री कृपाराम सोलंकी सभापति नगर परिषद नागौर, श्री कृपाराम देवड़ा अध्यक्ष माली समाज नागौर सहित संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के अध्यक्ष के द्वारा सम्पन्न हुआ।


1 से 5 दिसम्बर तक चले इस पावन समारोह में मानों जनसैलाब उमड़ पड़ा था। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत के साथ-साथ देश विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे। इस समारोह में पांच दिन में लाखों श्रद्धालुओं ने पावन धाम के दर्शन का लाभ प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, समाजसेवी, संस्थाध्यक्ष, माली समाज के सेवाभावी कार्यकर्ता, विधायक मंत्री, केन्द्रीय मंत्री, सांसद, राज्यसभा सदस्य, राजस्थान सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, महापौर, जिला प्रमुख व सभापति सभी को आमंत्रित किया था। देश के कोने कोने से श्रद्धालु यहां पहुँचे। चैन्नई, हैदराबाद, विशाखाट्टनम, मुंबई, अहमदाबाद, बैंगलोर, बड़ौड़ा, सुरत, वापी, वलसाड़, गाजुवाका, दिल्ली सहित देश के हर शहर से श्रद्धालु यहां पहुंचे और इस भव्य कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बना दिया।

करीब 300 साल पुरानी तपोभूमि पर लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने यहां













पहुंचकर मन्नतें मांगी। पांच दिन लगातार चले इस कार्यक्रम में लाखों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर अपनी श्रद्धा का परिचय दिया। आखिरी दिन सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया।

जयकारों के बीच मूर्ति स्थाना-सुबह आठ बजे से ही प्रारंभ हुए कार्यक्रम देर शाम तक चलते रहे। सुबह से ही लिखमीदासजी महाराज के जयकारें लगाते हुए लोग अमरपुरा पहुँच रहे थे। समाधि स्थल पर बने भव्य नवनिर्मित मंदिरों में भगवान द्वारिकाधीश, भगवान श्री गणेश, श्री राम दरबार, लोक देवता श्री बाबा रामदेवजी महाराज की मूर्तियों को स्थापित किया गया। इस दौरान यहां हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। संतों का रहा सानिध्य कार्यक्रम में कई साधु संतों का सानिध्य रहा। महोत्सव में संत रामप्रसादजी महाराज ने भक्त चरित्र कथा में बताया कि शिक्षा समाज व धर्म को आगे बढ़ाने में सहयोग देती है। महाराज ने कहा कि भक्त यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करता है तो उसकी सहायता के लिए भगवान को पृथ्वीलोक पर भी आना पड़ता है। महामण्डलेश्वर कुशालगिरीजी महाराज, संत नृसिंहदासजी महाराज, हरिदासजी महाराज, महामण्डलेश्वर राघवदासजी महाराज, चेतनगिरीजी महाराज सोज, रामरतनजी महाराज, मोहनलालजी महाराज सहित कई संतों ने शिक्षा व धर्म पर अपने प्रवचन दिये। साधु संतों के पावन सानिध्य में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

हजारों कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा- पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान 5000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने लोगों की सेवा की। इस दौरान उन्होंने दिन-रात काम किया और भक्तों को कोई समस्या नहीं आने दी। विजय वल्लभ चौक से अमरपुरा तक टैंपों आदि लगायें गये थें। संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत, सभापति श्री कृपाराम सोलंकी, माली समाज नागौर के अध्यक्ष श्री कृपारामजी देवड़ा, पूर्व सभापति श्री विरदीचंदजी सांखला, जीवणमलजी भाटी, श्री आईदानजी भाओी, श्री कानारामजी सांखला, श्री बहादुरसिंहजी भाटी, श्री मनोहर परिहार, श्री राधाकिशनजी तंवर, श्री ताराचंदजी साँखला, श्री कमलजी भाटी, श्री पन्नालालजी भाटी, श्री आनन्दसिंहजी, श्री गंगारामजी परिहार, श्री जेठमलजी भाटी, श्री मुरली मनोहर सोलंकी, श्री राधेश्याम कच्छावा, श्री माणकचंद सांखला व श्री मोतीबाबा साँखाला (फूले) सहित संस्थान के आधिकारियों, कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने रात दिन एक कर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत- महोत्सव में विशेष रूप से पहुँची राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया व पूर्व मुख्यमंत्री अशोकजी गहलोत का विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व स्मारक संस्थान की तरफ से भव्य व ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान अपार जनसमुदाय उपस्थित था जो मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने, हाथ मिलाने के लिए बेताब था। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री प्रभुलालजी सैनी का भव्य व ऐतिहासिक स्वागत हुआ। माली समाज भवन से फूले ब्रिगेड ने रैली निकाली। मंत्री श्री युनुस खान, जलदाय मंत्री किरण माहेश्वरी, सहकारिता मंत्री अजय लिंक, शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री हरीश कुमावत, राज्यमंत्री श्री कैलाश चांदोलिया, विधायक श्री हबीबुरहेमान, मंजु वाघमार, श्री राम भींचर, मनोहरसिंह, श्री मानसिंह, किनसरिया सहित कई जानी मानी हस्तियां थी।



श्री राजेन्द्र गहलोत श्री मोतीबाबा फुले सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी लगातार कई वर्षो से मेहनत कर इस स्मारक का भव्य व यादगार बनाने के साथ-साथ माली समाज के लिए एक तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने हेतु प्रयासरत थी। उनका यह प्रयास रंग लाया।

# शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता - श्री अशोक गहलोत






नागौर। अमरपुरा में संत लिखमीदासजी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए विशेष रूप से पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से देश व प्रदेश में शांति और विकास का माहौल बनता हैं गहलोत ने समाज को यह भी संदेश दिया कि कोई भी एक अकेला समाज तरक्की नहीं कर सकता, विकास में 36 कौम का साथ चाहिए। उन्होंने अपने स्वयं का उदाहरण पेश करते हुए कहां कि मैं अकेला कभी केन्द्रीय मंत्री या मुख्यमंत्री नहीं बन सकता था। मुझे 36 कौम का प्यार मिला तब में आगे बढ़ पाया।

पूर्व मुख्यमुत्री ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। शिक्षा पर पुरा ध्यान देने की बात उन्होंने जोर देकर कहीं। श्री गहलोत अमरपुरा धाम पर सुबह दस बजे पहुँचें व संत लिखमीदासजी महाराज के धाम पर दर्शन कर कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने कहां कि मोबाइल क्रांति को अपनाने की जरूरत है।

श्री गहलोत ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की वकालात की। उन्होंने कहा कि बेटियों को पढ़ाए, बेटियों के शिक्षित होने पर ही दो परिवारों को भला होगा। उन्होंने कहा कि धर्म के काम में राजनीति आडे नहीं आनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह समाज की एकता ही परिणाम है कि अमरपुरा में लिखमीदासजी स्मारक विकास संस्थान के कार्यो, मेहनत को बहुत सराहा।



**नागौर में करोड़ों की लागत के सड़क पानी के काम जल्द सुधरेंगे अस्पताल भी - वसुंधरा राजे**

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि नागौर में करोड़ों के लागत की सकड़े, पैतीस सौ करोड़ से नहरी पानी आ रहा है। अब नागौर अस्पताल भी जल्दी सुधरेगा। सरकार अपना काम कर रहीं है। इलाज के लिए यहां के लोगों को जयपुर, जोधपुर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे 5 दिसम्बर को अमरपुरा स्थित संत लिखमीदासजी धाम में लिखमीदासजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बोल रही थी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पाँच साल में संत लिखमीदासजी महाराज का मंदिर तैयार करके प्राण प्रतिष्ठा कराना सराहनीय काम है। समाज इसके हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री राजे ने यह भी कहां कि प्रदेश में 11 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्वार करने का काम हाथ में लिया है। डीपीआर बना ली है, सरकार की योजना है कि प्रदेश में देवी देवताओं के मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था को केन्द्र और पर्यटन स्थल के यप में विकसित हो। जोधुपर से रामदेवरा तक पदयात्रियों के लिए सुंदर मार्ग बनेगा। उन्होंने यह भी कहां कि राज्य में पहली बार गोपलन मंत्रालय की स्थापना कर गोपालन की स्थाई नीति बन रही है। हर जिले में एक नंदी गौशाला की स्थापना होगी। सरकार कई गौशालाओं को अपने अधीन ले रही अनुदान राशि सरकार द्वारा दी जायेगी।

अमरपुरा धाम में अपार जनसमुदाय को सम्बोधित करने से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया और संत शिरामणी श्री लिखमीदासजी महाराज की मूर्ति एवं स्थल के दर्शन भी किए।

# संत लिखमीदास जी के रंग में रंगा अमरपुरा

## यज्ञ में दी आहुतियां :

समारोह स्थल पर शनिवार को भी यज्ञ अनुष्ठान हुए। यजमानों ने वेदी की परिक्रमा लगाई। संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य श्री राधाकिशन तंवर, श्री बसंतराज भाटी, श्री भंवरलाल तंवर, श्री भगवानाराम माली, श्री अशोक रामनगर ने सपत्नीक यज्ञ में यजमान के रूप में आहुतियां दी। संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने अमरपुरा धाम को आध्यात्मिक व शिक्षा का केन्द्र बनाने के निमित सभी भक्तों से अपना सहयोग देने का आग्रह किया।

## रामदेवरा से लाए अखण्ड ज्योत

समाज के श्री रामवतार कच्छवाहा ने बताया कि स्मारक स्थल पर रामदेवरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर से लाई गई अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। श्री दौलत भाटी के अगुवाई में दल ने विधिविधान से ज्योत का स्मारक स्थल पर प्रतिस्थापित किया।

पांच दिवसीय महोत्सव में राज्य के कई जनप्रतिनिधि, हैदराबाद,आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात से श्रद्धालु पहुंचे। कैन्या, इंग्लैड, अमेरिका व पाक से भी श्रद्धालु आए। अनेकों धर्मगुरूओं एवं संतो का हुआ आगमन

**21 जगह 5 क्विंटल पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का किया स्वागत युथ ब्रिगेड, फूले ब्रिगेड व अन्य युवाओं ने निभाई जिम्मेदारी।**







## नागौर में पहली बार इतना बड़ा आयोजन

पहली बार हुए इतने बड़े आयोजन में करीब 5 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। करीब 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था डोम में की गई थी। समारोह स्थल पर पांच बड़े डोम (पांडाल) बनाए गए थे। इसमें सभा व भजन संध्या के लिए तीन डोम 225 गुणा 450 साइज के बनाए गए थे। जिसमें 40 गुणा 80 साइज का स्टेज तैयार किया गया था। डोम में लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा 500 पंखे भी लगाए गए थे। इसके अलावा कथा स्थल के लिए अलग से डोम तैयार किया गया तथा लोगों को ठहरने के लिए अलग से डोम तैयार किया गया। लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सुविधाघर बनाए गए थे। साथ ही चल शोचालय की व्यवस्था भी की गई थी। इसके अलावा करीब आठ बीघा जमीन में भोजन की व्यवस्था की गई वहीं 32 गुणा 32 साइज की यज्ञशाला भी बनाई गई।

कार्यक्रम के अनुसार 01 दिसम्बर को कलश यात्रा निकाली गई, इस अवसर पर भक्त चरित्र कथा का वाचन रामस्नेही संत श्री रामप्रसादजी महाराज के श्रीमुख से हुआ जिसका प्रसारण साधना चैनल पर भी हुआ। रात्रि में प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें माली समाज के सभी जाने माने भजन कलाकारों ने भाग लिया। 3 दिसम्बर की भजन संध्या में श्री रमेश माली, श्री रामेश्वर माली सेवाड़ी, श्री प्रकाश माली गोयाली, श्री हर्ष माली बालोतरा, श्री प्रमोद परिहार पाली, श्री राजु माली बालोतरा, 04 दिसम्बर की भजन संध्या में गायक कलाकार सुप्रसिद्ध श्री प्रकाश माली बालोतरा व श्री जोगभारती महाराज जालोर ने प्रस्तुति दी। इनके अतिरिक्त भी कई भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां इस पावन धाम में दी। महिला कलाकारों ने भी भजनों की प्रस्तुतियां दी। कई भजन कलाकार यहां पहुँचे थे। अंतिम दिन 4 दिसम्बर को आयोजित भजन संध्या में बालोतरा के श्री प्रकाश माली को सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था। मंदिर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की बोलियां 1 से 4 दिसम्बर तक निर्धारित की गई। स्मारक उद्घाटन एवं मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा 05 दिसम्बर 2016 को प्रात: सम्पन्न हुआ।

**संस्थान की कार्यकारिणी जिनके नेतृत्व में हुआ ऐतिहासिक आयोजन :-** संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार है जिन्होंने अपनी कार्यकारिणी व समाजसेवियों के साथ मिलकर इस पुनित ऐतिहासिक कार्य के सफल बनाया। कार्यकारिणी में श्री मोतीबाबा फूले उपाध्यक्ष सी.ए. श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा सचिव, श्री बहादुरसिंह भाटी कोषाध्यक्ष, श्री मनोहरलाल परिहार सह सचिव, श्री राधाकिशन तंवर, श्री मिश्रीलाल सोलंकी, श्री गोपाल गहलोत, श्री पुखराज पंवार, श्री पुरूषोत्तम सोलंकी एडवोकेट, श्री बाबुलाल परिहार पूर्व सरपंच, श्री रामचन्द्र देवड़ा, श्री महेश बी चौहान पूर्व सभापति, श्री मदनलाल गहलोत, श्री पारसमल परिहार आदि सम्मिलित है।

कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से समाजसेवी, संस्था प्रधान व मंदिर निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाह पहुँचे। इनके अतिरिक्त पाँच दिनों में लाखों श्रद्धालुओं ने धाम के दर्शन किये। इस हेतु सभी के नाम प्रकाशित किया जाना कतई संभव नहीं है।

**महोत्सव में सहयोग**

अमरपुरा में चल रहे संत लिखमीदास महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने में संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत, सभापति कृपाराम सोलंकी, कोषाध्यक्ष बहादुरसिंह भाटी, तीन गांव माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, श्याम सुंदर कच्छावा, कमल भाटी आनन्दसिंह कच्छावा, हुकमसिंह कच्छावा, नरेन्द्र पंवार, धर्माराम भाटी द्वारा सेवाएं दी। महोत्सव में भक्त कथा में समाज के विशिष्ट व्यक्ति डॉ. जुगलकिशोर सैनी, डॉ हेमलता, डॉ. आर.एस. सांखला, डॉ. नरेन्द्र पंवार, कुशालचंद टाक, हंसराज सांखला सेवाएं दे रहे है। हीरालाल भाटी, दिनेश देवड़ा, जेठमल गहलोत, रविन्द्रसिंह परिहार, हरिशचंद्र देवड़ा, अध्यक्ष लॉयन्स क्लब मुरली मनोहर सोलंकी, नरेन्द्र पंवार, नरेन्द्र सांखला, अमरचंद सांखला, धर्माराम देवड़ा सहयोग दे रहे है। अमरपुरा जाने के लिए निशुल्क सुविधा की है।

**युवाओं ने बांटी जिम्मेदारियां, अतिथियों का करा स्वागत :**

संत लिखमीदास महाराज युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनराम कच्छावा बताया कि महोत्सव को सफल बनाने में हजारों कार्यकर्ता विभिन्न कार्य कर सेवाएं दी।











श्रद्धा के ज्वार से भक्तिमय हुआ अमरपुरा

# जहां भक्त जन्म लेते है, वह भूमि और कुल भी धन्य है - संत श्री रामप्रसाद जी महाराज



बग्घियों (रथों) में सवार संत, बैंडबाजों की गूंजती स्वर लहरियां, नृत्य करते श्रद्धालु, पग पग पर सेवा के लिए तत्पर कार्यकर्ता और जहां तक नजर फैलाओं वहां तक मंगल कलश व श्रीफल। यह नजारा है संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान के तत्वावधान में नवनिर्मित लिखमीदास जी महाराज मंदिर के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में ढेह रोड़ पर निकाली गई शोभायात्रा का। करीब 3 किमी लम्बी शोभायात्रा में 11 हजार महिलाओं ने कलश धारण किए। शोभायात्रा के अमरपुरा स्थित नवनिर्मित मंदिर परिसर में पहुंचने पर पांच दिवसीय महोत्सव व भक्त चरित्र कथा आरंभ हुई। इससे पूर्व सुबह साढ़े नो बजे शहर के स्कीम बाजार, ताऊसर व राठौड़ी कुआ सं कलश यात्राएं रवाना हुई, जो गांधी चौक में सम्मिलित हो गई । बाद में बड़की बस्ती चेनार की कलशयात्रा भी दिल्ली दरवाजे के पास मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो गई।

शोभायात्रा में सूरसागर(जोधपुर) रामद्वारा के रामस्नेही संत रामप्रसाद जी महाराज, संत कुशालगिरी, स्वामी चेतनगिरी, संत राघवदास, संत नृसिंहदास, जैतारण के संत श्रीराम बग्घियों में विराजमान थे। शोभायात्रा में बैंड, सजे धजे ऊंट घोंड़ों पर सवार बाल गोपाल शोभा बढ़ा रहे थे। संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत लोगों का उत्साहवर्द्धन कर रहे थे।

**मीरा ने विश्वभर को करवाया भक्तियोग का परिचय**

मध्यकाल भक्ति की दृष्टि से समृद्ध रहा है। संत तुकाराम ने कर्मयाग, कबीर ने ज्ञान योग व भक्तिमति मीरा ने भक्ति योग का परिचय विश्वभर को करवाया। राम व कृष्ण रूपी अमृत पीने से विष का प्रभाव नहीं पड़ता ऐसा भक्तिपूर्ण संदेश मीरा ने दिया है।

यह प्रवचन सूरसागर रामद्वारा के रामस्नेही संत रामप्रसाद जी महाराज ने स्मारक व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भक्त चरित्र कथा के पहले दिन मीरा बाई विषय पर दिए। उन्होंने कहा कि हमें जो भी वस्तु स्वीकार करनी होती है, उसे सबसे पहले प्रभु को अर्पित करनी चाहिए। ऐसे में प्रभु हमारे समस्त योगक्षेम को ग्रहण करेंगे।

भक्तिमय मीरा के प्रभु भक्ति अनन्य, एकनिष्ठ व पूर्ण समर्पण के रूप में थी। अत: अंत में उसी में लीन हो गई। कार्यक्रम में स्वामी चेतनगिरी जी महाराज ने संत लिखमीदास जी महाराज के वंशज परिवारों द्वारा संस्थान को बने बनाए घर देने पर धन्यवाद दिया। संत कुशालगिरी जी महाराज ने कहा कि इतिहास बनता नहीं बनाया जाता है। सभी के हृदय में परमेश्वर के परम तत्व को पहचानने वाला महामानव बन जाता है। संत राघवदास जी ने सत्संग को जीवन में उतारने का आग्रह करते हुए शिक्षा को ग्रहण करने का आव्हान किया।



जैतारण के संत श्रीराम, नृसिंहदास जी महाराज ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री ओ. पी. सैनी ने कहा की संतों का काम व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ना होता है। इतना बड़ा आयोजन सभी के सहयोग से ही संभव हुआ है कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने सभी का स्वागत करते हुए महोत्सव की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष श्री मोतीबाबा, सदस्य श्री राधाकिशन तंवर, श्री रामचंद्र देवड़ा, श्री मिश्रीलाल सोलंकी, नागौर सभापति श्री कृपाराम सोलंकी, कोषाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह, श्री शिवजीराम, श्री पारसमल परिहार, श्री सुखराम परिहार, लोक कलाकार श्री छंवरलाल गहलोत, गायक दिनेश माली सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

**भक्त व संत की कोई जाति नहीं होती है :** कथा के दूसरे दिन भक्त चरित्र कथा, यज्ञ सहित कई कार्यक्रम हुए। भक्त चरित्र कथा के दूसरे दिन संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने कहा कि भक्ति की सुगंध सभी को प्राप्त होती है। भक्त व संत की कोई जाति नहीं होती है। वे सभी के लाडले होते है। जहांभक्त जन्म लेते है, वह भूमि और कुल भी धन्य है। उन्होंने कहा कि गुरू निराश्रय का आश्रय देते है। मतंग ऋषि ने शबरी को धर्म, ज्ञान व मुक्ति का मार्ग बताया। गुरू के वचन को हृदय में धारण करने व वैद्य की बात पर विश्वास करने वाले जीव के कल्याण में कोई बाधा नहीं होती। संत ने शबरी प्रसंग में नवधा भक्ति की महत्ता को रोचक व प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठजन का संग, रामनाम रूपी मंत्र पर दृढ़ विश्वास तथा भगवान से भी अधिक प्रिय भक्त को मनाना भी भक्ति का एक रूप है आज के कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारियों सहित पंड़ित मोहनराम भी उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा के तहत शुक्रवार को विधिविधान से यज्ञ शुरू हुए। यज्ञ में चेनाराम सांखला, चेनार, चौखा जोधपुर के गणेशराम भाटी, जेठाराम सांखला, देवाराम गहलोत व नागोर से बसंतराज भाटी सपत्नीक यजमान के रूप में बैठे। सभी ने वैदिक मंत्राचार के बीच यज्ञ में आहुतियां दी।

महोत्सव में संस्थान के सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, राधाकिशन तंवर, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह भाटी, सैनिक क्षत्रिय माली समाज संस्थान के कृपाराम देवड़ा, मोहब्बतराम पंवार, जयकिशन गहलोत, आनंदसिंह कच्छवाहा, दौलत भाटी, संत लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा व उनकी टीम ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम स्थल पर दो विशाल कड़ाहियां तथा प्राचीन स्मारक स्थल का लकड़ी का दरवाजा अवलोकन के लिउ रखा गया है। इसमें भादो नामक कड़ाही में लगभग 20 मण आटे का हलवा बन सकता हैं। जबकि सावण नामक कड़ाही में 10 मण दाल बन सकती है दोनों कड़ाहिया करीब 250 - 300 वर्ष पुरानी है। इन्हें न्यात होने पर ही प्रयोग में लिया जाता है। यह सभी अभी काजीसर निवासी बन्नाराम ओमप्रकाश भाटी के यहां संरक्षित है।

**मैनावती माता नीर भरयो है थारे नैण में...**

संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान के तत्वावधान में अमरपुरा में चल रहे पांच दिवसीय स्मारक लोकार्पण व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार तीसरे दिन कई आयोजन हुए। कथावाचक संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने भक्त चरित्र कथा में जननी व जन्मभूमि की महत्ता बताते हुए भक्ति की रसधार बहाई। कथा के प्रसंगों को सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। संत ने कहा कि शरीर से पहले प्रारब्ध रच जाता है। विधाता का लेख कोई नहीं मिटा सकता। काया हमेशा एक रूप में रहने वाली नहीं है। गुरू कृपा से हृदय में ज्ञानका प्रकाश होता है। उन्होंने कहा कि कस्तुरी की सुगंध छिपी नहीं रह सकती, उसी प्रकार भगवान की भक्ति प्रताप सब ओर पहुंचता है। प्रहलाद चरित्र की महत्ता इसी तथ्य में समाहित है। कि परमात्मा सर्व व्यापक है, यह भक्त प्रहलाद ने सिद्ध कर दिया। आज भी जगत में सुनीति जैसी मां जरूरत है, जो पुत्र को नीति व धर्म का मार्ग दिखा सके। भारत भूमि संतों, भक्तों और भगवान के अवतारों की भूमि है। उन्होंने राजा गोपीचंद व माता मैनावती के संवादों से निकली भक्तिधारा का प्रवचन में व्यक्त किया।






उन्होंने कहा कि संत श्री लिखमीदास जी का धाम सनातन संस्कृति व धर्म का केन्द्र बनेगा। इस दौरान मैनावती माता नीर भरयों है थारे नैण में..., मन रे मत कर तन की बड़ाई.. गोपीचंद लड़का जोंी हो जा रे चले नाथ का .. सरीखे भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कार्यक्रम में संत श्री चेतनगिरी, संत श्री नृसिंह दास, संत श्री मोहनराम व संत श्री अमृतराम ने भी प्रवचन किए। इससे पूर्व सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान के अध्यक्ष श्री कृपाराम देवड़ा, स्मारक संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत, सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, ताऊसर सरपंच श्री आशाराम भाटी, चेनार सरपंच श्री खीवसिंह सोलंकी, श्री त्रिलोक पंवार, श्री चुन्नीलाल, श्री मनोहर सांखला, माली समाज मलाड़ अध्यक्ष श्री शंकर परमार, भामाशाह श्री रामवल्लभ भाटी, मैसूर प्रवासरी श्री मोडाराम सांखला ने संतो का स्वागत किया। नगर परिषद के सभापति श्री कृपाराम सोलंकी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

कथा के बाद नवमिर्मित मंदिर से संत लिखमीदास जी महाराज की बाड़ी (कुएं) तक धूमधाम से कलशयात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। दो ट्रैक्टरों में संत लिखमीदास महाराज, द्वारकाधीश भगवान राम व बाबा रामदेव की प्रतिमाएं रखी हुई थी। बैंडबाजों की धुन पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया। कुएं से प्राण प्रतिष्ठा के लिए पवित्र जल लाया गया, जिससे मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिविधान से की जाएगी। समाज के हीरालाल भाटी ने बताया कि सवश्री गंगाराम परिहार, बंशीधन टाक, रामनिवास टाक, टीकमचंद कच्छवाहा, रमेश सोलंकी, सहित अनेक धर्मप्रेमी समाज बंधुओं ने सहयोग किया।

लिखमीदास जी महाराज के चंहुओर जयकारे, भजनों की धुन पर धिरकते श्रद्धालु और हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट की गूंज। मौका था अमरपुरा में आयोजित भजन संध्या का। इस दौरान संतों का संगम देखने का मिला। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली (बालोतरा) की प्रस्तुतियों पर भक्त झूम उठे। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण भक्ति मय बना दिया। इसके बाद जोग भारती ने भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गणेश जी मूर्ति स्थापना, द्वारकाधीश व रामदेवजी महाराज की मूर्ति स्थापना की बोलियां लगाई गई। मंच पर रामस्नेही संत रामप्रसाद जी महाराज, नृसिंह दास जी महाराज सहित मारवाड़ क्षेत्र के अधिकतर संत उपस्थित रहे थे। देर रात तक भजन संध्या में लोग पहुंच रहे थे।

**मूर्तियों का कराया अन्नाधिवास**


इससे पूर्व संत लिखमीदास, बाबा रामदेव, भगवान श्रीराम, व द्वारकाधीश की प्रतिमाओं का अन्नाधिवास व जलाधिवास करवाया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुआं ने भाग लिया। पचास तरह के चढ़ावें चढ़ाए गए। पांच दिवसीय आयोजन के दौरान रविवार तक करीब 1 लाख लोगों ने प्रसादी पाई । इस दौरान लिखमीदास जी युवा वाहिनी की टीम सहित समाज के विभिन्न संस्थाओं के युवाओं ने व्यवस्थाओं का संभाला

संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज विकास संस्थान के पांच दिवसीय आयोजन में रविवार को चौथे दिन भक्त चरित्र कथा वाचन, मूर्तियों का अन्नाधिवास व जलाधिवास, भजन संध्या गोयली के प्रसिद्व भजन गायक प्रकाश माली के कार्यक्रम हुए। यहां हर कोई संत लिखमीदास जी महाराज के रंग में रंगा नजर आया। देर रात तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी था। इससे पहले कथा स्थल पर कथा सुबह हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे कथा स्थल भी छोटा पड़ गया। रामप्रसाद जी महाराज ने भक्त चरित्र कथा कथा के साथ ही कृष्ण सुदामा मित्रता पर प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान प्रेम के भूखे होते है। वे प्रेम से अर्पित की गई वस्तु को खुशी से स्वीकारते है। उन्होंने कहा कि लाखों जन्मों के पुण्यों के बाद मनुष्य जीवन मिलता है। इसे व्यर्थ नहीं गंवाकर भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने करमाबाई के जीवन पर प्रकाश डाला तथा भजन सुनाया तो श्रद्धालु भक्तिरस में डूब गए। इससे पहले उन्होंने जीवन के व्यवहारिक पक्षों की सीख दी।

संस्थान अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि लिखमीदास जी महाराज की कृपा, सभी जनप्रतिनिधियों की शुभेच्छा व कार्यकर्ताओं की मेहनत से कार्यक्रम सफल हो पाया है। संस्थान के सह सचिव श्री मनोहरलाल परिहार, गुजरात के पूर्व विधायक श्री अनिल भाई, माली फैडरेशन के अध्यक्ष श्री गंगाराम गहलोत, श्री अमराराम परमार, सांचौर से किसान नेता श्री भगवानराम माली सहित अनेकों समाज सेवियों ने इस अवसर पर अपना उद्‌बोधन दिया।

# समाज के दिग्गज एवं वरिष्ठ नेता श्री राजेन्द्र गहलोत बने प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष

## श्री भूपेन्द्र सैनी को यूवा बोर्ड का अध्यक्ष तो श्री अशोक सैनी को बनाया भाजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष समाज को एक साथ मिली अनेकों सौगातें







जयपुर। माली समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, राजनितिज्ञों एवं समाजसेवियों ने श्री राजेन्द्र गहलोत को हार्दिक बधाई प्रेषित की तथा उनके निवास स्थान पर जाकर मुंह मीठा कराया।

श्री राजेन्द्र गहलोत ने इस अवसर पर सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रदेशाध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि वे संगठन की मजबूती के लिए पहले की भांति कार्य करते रहेगे तथा अब जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसके लिए वे और अधिक मेहनत कर संगठन को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेगें। इससे पूर्व माली समाज के युवा श्री भूपेन्द्र सैनी को युवा बोर्ड का चैयरमेन बना उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा भी राजस्थान भाजपा सरकार ने दिया था। जिससे पूरे प्रदेश भर में समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई समाज के अनेकों पदाधिकारियों ने भूपेन्द्र सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

समाज अभी यह खुशियां मना ही रहा था कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज को एक और खुशखबरी प्रदान करते हुए समाज के युवा भादरा निवासी श्री अशोक सैनी को प्रदेश भाजपा के अति महत्वपूर्ण प्रदेशाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। कर्मठ, मेहनती एवं हरदिल अजीज सभी की सेवा के लिए हर समय तैयार रहने वाले श्री अशोक सैनी माली समाज ही नहीं वरन् पूरे क्षेत्र में अपनी सेवाओं के लिए सदैव चर्चा में रहते है चाहे वो मेडिकल कैंप हो या राजनीति के चुनाव हो श्री अशोक सैनी हमेशा अपनी पूरे सामर्थ से हर कार्य को पूरे मेहनत से करते है यही वजह है कि उन्हें यह महत्वपूर्ण पद पर पदास्थापित किया गया है।

हम सभी को पूरा विश्वास है कि श्री अशोक सैनी पूर्व की भांति सभी के लिए सेवाभाव से कार्य करते हुए युवाओं को राजनीति में अधिक से अधिक महत्व मिले इसके साथ तो कार्य करेगें ही इसके साथ ही समाज के युवा वर्ग के समक्ष भी एक उदाहरण बनेगें जो निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से सभी जगह अपनी अलग पहचान बना चुके है।

माली सैनी संदेश परिवार सभी को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते है।

## माली सैनी संदेश का कलैण्डर प्रकाशित

## समाज के सभी वर्ग हमारे कार्यालय से नववर्ष 2017 के कलैण्डर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

### माली सैनी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

# देशभर से आए 300 से अधिक युवाओं ने अपने कल्चर-परिवार के बारे में साझा किए विचार







**जोधपुर।** राजस्थान में मारवाड़ माली सैनी समाज समाजहित में बहुउद्देशीय सम्मेलनों/समारोहों के आयोजन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। समाज की धर्मशालाएँ, शिक्षण संस्थान, छात्रावास एवं सामुदायिक भवनों की स्थापना के पश्चात शैक्षिक जागरूकता की दृष्टि से प्रोत्साहन, पुरस्कार सम्मेलन, स्कॉलरशिप, राजनैतिक दृष्टि से एकता सम्मेलन, पारस्परिक सद्भावना की दृष्टि से स्नेह सम्मेलन तथा उपयुक्त व सफल वैवाहिक सम्बन्धों की दृष्टि से युवक युवती परिचय सम्मेलनों का आयोजन होने लगा है।

सम्मेलन संयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि वैवाहिक संबध अच्छा हो इसके लिए यह आवश्यक है कि समान गुण, समान धर्म, समान रंगरूप, समान आर्थिक स्थिति तथा समान आचार-विचार वाले वर-कन्या पक्ष का पारस्परिक वैवाहिक संबध स्थापित होना चाहिए ताकि आजीवन सुख-संतोषपूर्वक संबधों (वैवाहिक) का निर्वाह हो सके। एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव ही वैवाहिक जीवन को सुदृढ़ता प्रदान करता है। सुदृढ़ वैवाहिक जीवन ही सुख समृद्धि का मूल आधार है। आज प्रत्येक माता पिता यह चाहते है कि अपने लड़के - लड़कियों का वैवाहिक संबध सोच विचार कर स्थापित किया जाए ताकि उनका दाम्पत्य जीवन सुखी हो।

माली सैनी संदेश एवं ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज के संयुक्त तत्वावधान में समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन शनिवार को आयोजित किया गया। इसमें कोलकता, हैदराबाद, दिल्ली, सूरत, पंजाब, अमृतसर, मुंबई और हरियाणा सहित बारह राज्यों के 365 युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इनमें से 305 युवक-युवतियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को लेकर व्यक्त किए।

कार्यक्रम का प्रारंभ रामस्नेही संत श्री रामप्रसादजी महाराज के साथ, श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, पूर्व राजसिको चेयरमैन श्री सुनील परिहार और भाजपा के प्रदेशउपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। इसमें युवक-युवतियों ने अपने बचपन, स्कूलिंग, कॉलेज शिक्षा, हॉबी, संघर्ष, भविष्य की चुनौतियां और कॅरिअर चॉइस बताते हुए अपने होने वाले जीवनसाथी के प्रति अपनी अपेक्षाओं से संबंधित विचार भी व्यक्त किए। इसमें युवतियों ने जहां गंभीर, केयरिंग, वफादार, अंडरस्टैडिंग रखने वाले साथी को अपनी पंसद बताया, वहीं युवकों ने सादा जीवन उच्च विचार रखने वाली और परिवार को बनाने वाली साथी की कल्पना की। परिचय के बाद में सभी युवाओं के अभिभावकों ने अपने पसंदीदा युवक-युवतियों का डाटा कलेक्ट किया और फिर एक साथ बैठकर एक दूसरे से बात कर विचारों का आदान-प्रदान किया। अंत में देशभर से आए 1500 सदस्यों ने अपने परिवार, शहर और कल्चर को एक दूसरे से बांटकर एजॉय किया। कार्यक्रम में राजस्थानी व्यंजन परोऐ गए और राजस्थानी संस्कृति का भी परिचय दिया। सम्मेलन को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम मनीष गहलोत तथा उनके समस्त सहयोगी सदस्यों को साधुवाद दिया जिनके सार्थक प्रयासों से इस परिचय सम्मेलन का सफल आयोजन संभव हुआ । आपने 1 से 5 दिसम्बर के मध्य अमरपुरा (नागौर) में सफलता पूर्वक सम्पन्न मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जिक्र भी किया तथा सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया ।

प्रदेश माली सैनी महासभा के चेयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिचय सम्मेलनों का आयोजन आज के माली समाज की प्राथमिक आवश्यकता है । इससे रिश्ते बनाने में सहूलियत रहती है तथा बने हुए रिश्तों को मजबूती मिलती है । आपने पुष्कर (अजमेर) स्थित माली समाज की





धर्मशाला में सुविधाओं के विस्तार के बारे में भी बताया तथा प्रदेश में माली समाज के संगलन को मजबूत करने की बात भी कही।

जोधपुर भवन धर्मशाला के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, राजसिको के पूर्व चेयरमेन श्री सुनील परिहार एवं श्रीमती गीता सोलंकी (महिला प्रदेशाध्यक्ष, आल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज, राजेश गहलोत (सचिव, सत्पत सोसायटी) ने अपने उद्बोधन में युवक/युवतियों के नवजीवन में प्रवेश करने जा रहे जोड़ों को बिना झिझक के परिचय देने की बात कही साथ ही समाज में ऐसे सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आयोजकों का आभार प्रकट किया। सम्मेलन में ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष एडवोकेट श्री विमलेश गहलोत ने सभी पधारें अतिथियों का स्वागत कर समाज में ऐसे आयोजनों की महत्ती आवश्यकता की बात कही। समारोह में समाज की मित्र मण्डली सेवा समिति के श्री भूरसिंह कच्छवाहा एवं उनकी पूरी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

समारोह में समाजसेवी श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा, श्री रणजीत सिंह परिहार, श्री प्रदीप परिहार सहित अनेकों समाज सेवियों की उपस्थिति रही।

**चार जोड़े सामूहिक विवाह के लिए तैयार, अन्य भी कतार में :** सम्मेलन संयोजक मनीष गहलोत न बताया कि इस सम्मेलन में माली समाज के एमबीएस, बीटेक, बीडीएस, इंजीनियर, बैंक मैनेजन, कस्टम ऑफिसर, पीएचडी, बैंक मैनेजर, लेक्चर और एक्सपोर्टर जैसे पदों पर नियुक्त युवक-युवतियां शामिल हुए। उन्होंने बताया कि माली सैनी संदेश ने इससे पहले 2003 पहला सम्मेलन हुआ था जिसमें 27 जोड़ों ने विवाह किया था। इस बार चार जोड़े सामूहिक विवाह के लिए तैयार हो गए है। अन्य जोड़े माली समाज की वेबासाइट माली सैनी संदेश डॉट कॉम के माध्यम से विवाह का निर्णय करेंगे।

अंत में श्री किशनलाल साँखला (सेवानिवृत प्रधानाचार्य तथा समाजसेवी) ने परिचय सम्मेलन के सभी कार्यकर्ताओं श्री ब्रह्मसिंह चौहान, श्री मनीष गहलोत, श्रीसाहिबराम गहलोत, श्रीजगन्नाथ गहलोत, श्री धर्मेन्द्र साँखला, श्री जगदीश देवड़ा, श्री पंकज साँखला,श्रीमती मीना साँखला, श्रीमती इंदु गहलोत, श्रीमती सरोज गहलोत, सुश्री अनुलता व सुमित्रा गहलोत, परिचयार्थ युवक-युवतियों, अभिभावकों, अतिथियों, दर्शकों के प्रति हार्दिक व्यक्त किया जिनके अप्रतिम सहयोग से इस परिचय सम्मेलनका सफलतापूर्वक व समाजोपयोगी आयोजन संभव हो सका ।श्री साँखला ने भविष्य में भी ऐसे बहूद्देशीय सम्मेलन आयोजित करने की आशा प्रकट की एवं सहयोग का पूर्ण आश्वासन भी दिया ।

परिचय सम्मेलन का सफल व प्रभावी संचालन श्री भँवर परिहार, बाली ने किया।

# मानवता के मसीहा भगवान सिंह परिहार की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 174 युवाओं ने किया रक्तदान





जोधपुर। जोधपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं नवजीवन संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय भगवान सिंह परिहार की प्रथम पुण्य तिथि पर लवकुश शिशुगृह में आयोजित रक्तदान शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के 174 युवक/युवतियों ने रक्तदान कर पुण्य आत्मा को श्र)ांजलि अर्पित की।

रक्तदान शिविर के संयोजक मनीष गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्मयोगी भगवान सिंह परिहार के जीवन से प्रेरणा लेकर वर्ष 2012 से आरंभ किये गए अनवरत रक्तदान शिविर में अब तक करीब 1600 युनिट रक्तदान हुआ है तथा हम सभी स्वर्गीय बाउजी के पद चिन्हों पर चलते हुए संकल्प करते है कि हम सामाजिक कार्यो के लिए बिना किसी जाति एवं धर्म के सभी वर्गो की सेवा के लिए हमेशा अग्रणी रहेगे तथा बाउजी के बताए सेवा मार्ग पर चल उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देगें।

आयोजन समिति के सांवर परिहार ने बताया कि आज के इस श्रद्धांजलि एवं रक्तदान शिविर में जोधपुर के प्रथम नागरिक महापौर घनश्याम ओझा, वूल बोर्ड के चेयरमेन जसवंत सिंह विश्नोई, शहर विधायक कैलाश भंसाली, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व विधायक जुगल काबरा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, राजसीको पूर्व चेयरमेन सुनील परिहार, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, माली महासभा के चेयरमेन ऊंकारराम कच्छवाहा, जोधपुर भवन धर्मशाला के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, माली संस्थान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, समाजसेवी जसंवत कच्छवाहा, लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा, सत्पत सोसयटी के सचिव राजेश गहलोत, ऑल इण्यिा सेनी समाज सेवा समिति के युवा प्रदेशाध्यक्ष विमलेश गहलोत, पूर्व मजिस्ट्रेट भल्लाराम परमार उद्योगपति उमेश लीला, योगेश महेश्वरी, राकेश बंसल, कैलाश टाक, आर. के. ओझा, जसवंत सिंह भाटी, हिरालाल गहलोत सहित शहर के विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय बाउजी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

महापौर घनश्याम ओझा ने बाउजी के बारे में बताते हुए कहा कि बाउजी ने जब से अनाथ बच्चों की सेवा का कार्य प्रारंभ किया तब से उनके साथ रहने का सौभाग्य मिला है तथा बाउजी ने सदैव बिना किसी भेदभाव एवं जातपात के निष्पक्ष एवं सभी के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य किया तथा कभी भी किसी प्रकार के मान सम्मान से कोसों दूर रहे हमें गर्व है कि हम ऐसे पुनित व्यक्तित्व के साथ रहने एवं उनसे अनेकों सेवाकार्यो को सीखने का मौका मिला।

इस अवसर पर नवजीवन संस्थान के प्रभारी राजेन्द्र परिहार ने सभी पधारें अतिथियों का स्वागत किया तथा रक्तदान करने वाले युवक युवतियों का आभार प्रकट करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जो सेवाकार्य वर्ष 1989 ने बाउजी ने आरंभ किया उसे हम उनके आशीर्वाद से निर्विघन करते रहेगे तथा बाउजी के द्वारा दिये गऐ दिशा निर्देशों के अनुसार सेवा कार्य आप सभी के सहयोग से करते रहेगे।

इस रक्तदान शिविर में एम्स की डॉ. अर्चना वाजपेयी के नेतृत्व में

आई टीम ने 54 यूनिट, उम्मेद अस्पताल के डॉ. थानसिंह चौधरी के नेतृत्व में आई टीम ने 69 यूनिट एवं अंबिका ब्लड बैंक के डॉ. दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में आई टीम ने 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया। सभी रक्तदाताओं को माली सैनी संदेश पत्रिका की और से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

संस्थान के अभिनव परिहार एवं सौरभ परिहार ने आए के. एस. मेमोरियल कॉलेज, एम.बी.एम. इंजिनियरिंग कॉलेज, एनसीसी, आर्मी कैडस, जी.डी. मेमोरियल कॉलेज, भीकमदास परिहार छात्रावास, बहुप्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान गुरूकुल छात्रावास के विद्यार्थियों, युवा क्लब बालरंवा के सदस्यों, सैनी माली राष्ट्रीय संस्थान के साथ ही शहर के अनेकों रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान कर श्रद्धाजंलि अर्पित करने पर उन सभी को उपहार देने के साथ ही आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस रक्तदान शिविर में लक्ष्मणराम टाक, प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा, एडवोकेट राकेश गहलोत, नाथुसिंह सोलंकी, अशोक भाटी, खीवसर से गिरधारी कच्छवाहा, दईजर से सोहन सोलंकी, कुशाल सांखला, धनराज परिहार, मगराज गहलोत, धनसिंह सांखला, अरविंद परिहार, पूर्व पार्षद मंयक देवड़ा, पूर्व पार्षद योगेश गहलोत, पंकज सांखला, धमेन्द्र सांखला, ताराचंद गहलोत, चौखा के नरपत सिंह परिहार सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा। समारोह में नवजीवन संस्थान के बच्चों एवं आस्था वद्दाश्रम के बुर्जगों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

### पालिका चैयरमेन श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा के जन्मदिन पर 311यूनिट रक्त संग्रह

# पीपाड़ शहर में फिर हुआ द्वितीय रिकॉर्ड तोड़ महारक्तदान





पीपाड़। वीर शहीदों की याद में व मानवाधिकार दिवस पर नगर पालिका चैयरमेन महेन्द्रसिंह कच्छावाह द्वारा उनके जन्मदिवस (55) पर द्वितीय महारक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय अस्पताल में किया गया। जिसमें रिकॉर्ड तोड़ रक्त संग्रहण तीन टीमों द्वारा किया तथा जिसमें गांधी अस्पताल एम. डी.एम, उम्मेद अस्पताल की टीमें शामिल हुई जिसमें रिकॉर्ड तोड़ 311 यूनिट संग्रहण किया और कई रक्तदाताओं के नाम लिया चुके लेकिन रक्त संग्रम की पैक व फ्रिजर में जगह कम पड़ गयी। सभी रक्तदाओं को स्वच्छ भारत मिशन के अंतगर्त एक कचरा संग्रहण की बाल्टी व एक पेड़ एक जिंदगी के तहत एक पैदा व प्रशस्ति-पत्र पुरस्कार प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामनारायण डूडी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीपाड़ शहर रक्तदाताओं की पूर्ण धरती बन गयी है और उन्होंने स्वच्छता इतिहास के तहत से पुरस्कार दिये वह तरीफे काबिल है और विशिष्ट अतिथि उप जिला मजिस्ट्रेट रिछपालसिंह, मलेशिया मास्टर गोल्ड मेडलस्टि स्नेह जैन (बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान की ब्रांड एम्बेसडर), थानाधिकारी किशनलाल विश्नोई, मण्डलनाथ धनराज सोलंकी, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक और क्रांति की जिला संयोजक व राष्ट्रीय स्वयं सेविका युवाओं के नेतृत्व में 38 महिलाओं ने रक्तदान कर रिकोर्ड दर्ज कराया।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, लिखमीदासजी ट्रस्ट अध्यक्ष, युवाकार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा, पूर्व पार्षद रूखमादेवी ने कहा कि यह आज ऐतिहासिक दल था जो मानव धर्म के लिए इतना रक्त इतना रक्त संग्रहण हुआ आयोजक समिति के मेहराम गहलोत ने बताया कि सभी रक्तदाताओं के लिए दुध की व्यवस्था सुरेश मोटल (समाजसेवी) की तरफ से हरीश वैष्वण ने गायों के लिए लापसी 155 किलों कि बनवायी और स्वच्छता अभियान व कंबल वितरण का भी कार्यक्रम किया। इस दौरान समिति के दिनेश टाक, महेन्द्र, सीताराम टाक ने सभी रक्तदाताओं का व अतिथियों का माल्यापर्ण व साफा और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी रामनिवास गहलोत, पप्पसा कच्छावाह, अमृतलाल सांखला (आर.ए.एस.) सहित कई सामाजिक संगठन, समाजसेवी व अतिथि गण मौजूद रहे।

# ऑल इण्डिया माली सैनी समाज के जिलाध्यक्ष बनें लवजीत पंवार





जोधपुर। जोधपुर। माली सैनी समाज के राष्ट्र संगठन आल इण्डिया सैनी माली सेवा समाज ने प्रदेशाध्यक्ष श्री सेवाराम दग्दी की अनुमति से तथा महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती गीता सोलंकी, युवा प्रदेशाध्यक्ष श्री विमलेश गहलोत तथा प्रदेश मंत्री श्री धन्नाराम सलावास की उपस्थिति में जोधपुर संभाग अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सांखला ने श्री छोटूसिंह गहलोत को जोधपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। महिला प्रदेश महासचिव श्रीमती मीना सांखला ने सभी की अनुंषशा पर पीपाड़ की सुश्री सुमित्रा गहलोत को जोधपुर का महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इसी प्रकार युवा प्रदेश महासचिव पंकज सांखला ने श्री लवजीत सिंह पंवार को युवा जिलाध्यक्ष, श्री सोहनसिंह सोलंकी को जिला उपाध्यक्ष, श्री आनंद सिंह गहलोत को जिला सचिव तथा श्री रवि परिहार को मिडिया प्रभारी जोधपुर के पद पर नियुक्त किया।

इस अवसर पर माली सैनी महासभा के चैयरमेन श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, समाजसेवी श्री ब्रह्मसिंह चौहान, श्री साहिबराम गहलोत, श्री जगन्नाथ गहलोत, जगदीश देवड़ा, श्रीमती इंदू गहलोत, श्रीमती सरोज गहलोत, सुश्री अनुलता गहलोत, श्री निर्मल सोलंकी, भरत सांखला, नृसिंह गहलोत, श्री छंवरलाल टाक, श्री भरतसिंह कच्छवाहा, श्री भूरसिंह कच्छवहा(मित्र मण्डली) सहित अनेको समाज बंधु उपस्थित थे।

# सैनी महासभा भरतपुर द्वारा भरतसिंह का सार्वजनिक अभिनंदन



भरतपुर। पक्का बाग भरतपुर निवासी भरतसिंह सैनी की सेवा निवृति समारोह पूर्वक मनाया गया जगह जगह से पधारें सैनी बंधुओं ने पुष्पाहार साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। सैनी महासभा के अध्यक्ष दयाचंद चौधरी ने अपनी कार्यकारिणी के साथ भरतसिंह को साफा और अभिनंदन पत्र भैंट सम्मानित किया। सैनी लहर पत्रिका जयपुर के कुंवर सिंह सैनी ने ''सदा रहे मिलकर तुम ऐसे जैसे दूध मलाई हो'' नामक कविता लिखित अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वागत किया। सैनी माली डॉटकाम की ओर से जगदीश ने अभिनंदन प्त्रभेंट कर स्वागत सत्कार किया।

**स्मृति स्मारिका का विमोचन**

भरत जी आपको शुभकामनाएँ आज देते है,
सुखी हों स्वस्थ्य सैनी जी यही हम आज कहते है।
सदा ईश्वर रखे सर पै, ये अपना हाथ ही तुम पर,
सदां खुशहाल हो जीवन यहां हम आज कहते है।

उक्त पंक्तियाँ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी अशोक धाकरे ने पक्का बाग भरतपुर निवासी भरतसिंह सैनी की स्मृति स्मारिका विमोचन के अवसर पर कहीं। माननीय घाकरे ने भरतसिंह को स्वास्थ्य दीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दी साथ ही कार्यक्रम आयोजक को धन्यवाद देना न भूले। अन्त में कहा कि आगे का जीवन समाज सेवा में लगाओंगे। अति विशिष्ट अतिथि श्री उत्तमसिंह जी ने भरतसिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला इनके सेवा काल में निष्ठा पूर्वक कर्तव्य निर्वहन की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं शतायु जीवन की शुभकामनाएं दी। विशिष्ठ अतिथि गोपाल प्रसाद गर्ग डिवीजन एकान्टेन्ट ने पुष्पहार से सैनी का स्वागत कर ईश उपासना एवं समाज सेवा द्वारा श्रेय मार्ग का पथिक बनने का मार्ग दर्शाया। रेडियों सिंगर राधा-किशन कंजोली ने श्री सैनी के जीवन पर कविता सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। नन्दा राम सैनी ने भी लोक गीतों के माध्यम से चुटकियाँ ली। स्मृति स्मारिका में भरतसिंह के सामाजिक कार्यो की झलक एवं उनके पूर्वजों के जीवन दर्शन के बारे में दर्शाया गया है। स्मारिका का संपादन जगदीश आर्य द्वारा किया गया।

## बाबा रामदेव कृषी फार्म पर जैविक खेती देखकर खुशी जताई - उपकुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर



सिरोही। दिनांक 27.12.2016 को बाबारामदेव कृषि फार्म पर कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के उपकुलपति डॉ. बलराजसिंह एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही के डॉ. दिलीप कुमार ने 'बूंद-बूंद सिंचाई पद्वति' से जैविक गेहू की खेती एवं नीम्बू की खेती का अवलोकन किया, साथ ही वहां पर उपस्थित कृषक रघुभाई माली, कृषक भरत मोदी, कृषक श्रवणसिंह सहित दर्जनों की तादाद में उपस्थित कृषकों को उपकुलपति से सम्बोधित करते हुए कहा कि बूंद-बूंद सिचाई पद्वति एवं जैविक खेती तथा बागवानी फसल पर जोर देते हुए उन्होनें कहा कि किसान भाईयों को इस पद्वति से खेती करने से कम खर्च में ज्यादा मुनाफा अर्जित होगा।

कृषक रघुभाई माली ने बताया कि देशी में बढ़ती हुई केंसर एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों की रोकथाम के लिए हम किसान भाईयों को जैविक खेती एवं वनस्पतिक कीटनाशक का उपयोग लेना चाहिए, साथ ही बाबारामदेव कृषि फार्म पर बनाया गया वनस्पतिक कीटनाशक दवाई के बारे में उपकुलपति एवं उपस्थित किसान भाईयों को बनाने की विधि बताई तथा सभी किसान भाईयों को इस विधि से कीटनाशक बनाकर देश में बिमारियों को खत्म करने एवं सब्जीयों तथा बागवानी फसल पर वानस्पतिक कीटनाशक स्प्रे करने का आह्वान किया।

## जय मेमोरियल क्लब ने जीता फाइनल मैच

बीकानेर। रामजी भाटी स्मृति क्रिकेट क्लब की और से रेल्वे ग्राउण्ड पर आयोजित माली सैनी समाज टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। फाइनल मैच में जय मेमोरियल क्लब की टीम ने हर-हर महादेव क्रिकेट क्लब की टीम को सात विकेट से हराकर प्रतियोगिता को जीत लिया। इसके बाद समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल गहलोत थे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत की अध्यक्षता में अयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि मुरलीधर सैनी, दीपक गहलोत, एसडीएम बीकानेर नानूराम सैनी थे। समारोह में विजेता, उपविजेता, मैन ऑफ सीरिज प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## 1 फरवरी को नाथद्वारा में होगा सामूहिक विवाह

नाथद्वारा। फूलमाली सेवा समिति एवं माली नाथद्वारा के तत्वावधान में 1 फरवरी, 2017 को तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन नाथद्वारा स्थित फूलमाली समाज की हवेली में आयोजित किया जायेगा।

मेवाड़ के प्रसिद्व धार्मिक मठ श्रीनाथ जी की भूमि पर आयोजित तृतीय विवाह सम्मेलन में कई प्रकार के आयोजन भी किए जाएगे। फूल माली समाज के अध्यक्ष श्री घनश्याम देवड़ा ने अधिक जानकारी देते हुए किया हक सम्मेलन में प्रत्येक वर-वधु पक्ष ो एक हजार रूपये पंजीयन शुल्क के रूप में जमा करवाने होगें। इसके बाद 21,000 रूपये सम्मेलन से पूर्व जमा करवाने होगें। इस सम्मेलन में घर गृहस्थी के सभी आवश्यक वस्तुएं उपहार स्वरूप दी जाएंगी। सममेलन में वधु पक्ष की उम्र 18 व वर पक्ष की उम्र 21 वर्ष होने पर ही सम्मेलन में सम्मलित किया जाएगा। पूर्व पार्षद शंभुलाल ने बताया कि विवाह के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा व बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर कर समाज को संगठित व आर्थिक दृष्टि से संपन्नता लाने का कार्य इस प्रकार के समारोह से ही संभव होता है। अत: इस तरह के सम्मेलन समय समय पर नाथद्वारा माली समाज पूर्व में भी करता आया है। उन्होंने समाज से भी अपील की है कि अपने परिवार की विवाह योग्य युवक-युवतियों का सम्मेलन में विवाह कराकर समाज की

## माली छात्र संघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

तिंवरी। माली छात्र संघ क्षेत्र तिंवरी मथानियां 16 खेड़ा की मासिक बैठक प्रधान कार्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष श्री जूठसिंह परिहार एवं जिला परिषद सदस्य श्री अरविंद सांखला के आतिथ्य में संपन्न हुई। इस दौरान मासिक गतिविधियों के साथ ही नवीन शिक्षा के लिए प्रस्ताव लिए गए तथा छात्र संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें संचार प्रभारी खेताराम चौहान, शिक्षा मंत्री श्रवण गहलोत, महामंत्रत्री भगवानराम गहलोत को सर्वसम्मति से नियुक्त किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि श्री अरविंद सांखला ने कहा कि आगामी युग तकनीकी और शिक्षा का युग है, छात्र संघ घर घर जाकर बालिका शिक्षा और तकनीकी शिक्षा का प्रचार प्रसार करें। छात्र संघ अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही छात्र संघ समाज के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु कक्षाओं का आयोजन आरंभ करने जा रहा है जिसमें समाज के युवाओं को सरकार की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारियां करवाने के लिए कक्षाओं का संचालन छात्र संघ द्वारा कराया जायेगा साथ ही कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्सेज भी कराए जायेगा। जिसमें समाज के छात्र-छात्राऐं अधिक से अधिक संख्या में भाग ले इसका उन्होंने आव्हान किया।

### सुविचार

**कुछ लोगों को ऊंचाई पर पहुंचने की इतनी जल्दी रहती है, कि वो छोटे लोगों के हाथ पकड़ने की बजाए बड़े लोगों के पांव पकड़ना पसंद करते है।**

# जिस समाज में सामाजिक बुराईयां पनपती है वह समाज कभी तरक्की नहीं कर सकता : रेनूकौर



बाबैन। महाराज सूरसैनी जयंती के अवसर पर सैनी यूथ फैडरेशन द्वारा बाबैन में कार्यक्रम का अयोजन कर महाराजा सूरसैनी को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर ऑल इण्डियां सैनी सेवा समाज महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष रेनूकौर सैनी इन्द्री मुख्यातिथि थी जबकि समारोह की अध्यक्षता सैनी यूथ फैड़रेशन के अध्यक्ष डॉ. सतिन्द्र सैनी कसेरला ने की।

इस अवसर पर उपस्थित सैनी समाज के युवाओं को रेनूकौर सैनी इन्द्री ने सैनी समाज में फैली सामाजिक बुराईयों को दूर करने के प्रति शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए रेणू कौर सैनी ने कहा कि जब तक हमारे समाज में दहेज प्रथा व अनपढ़ता जैसी सामाजिक बुराईयां पनपती रहेगी तब तक हमारा समाज कभी भी तरक्की नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की अपेक्षा विवाह-शादियों में दहेज आदि देने पर ज्यादा खर्च करते है जो हमारे समाज का प्रत्येक क्षेत्र में पिछड़ेपन का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि जब तक सैनी समाज का युवा दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को त्याग कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की और अग्रसर नहीं होगा तब तक हम न तो राजनीति में और न ही सरकारी नौकारियों व अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ सकेंगे।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सातिन्द्र सैनी ने कहा कि हमारे समाज के युवाओं को अब अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ राजनीतिक तौर पर भी संगठित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो समाज राजनीतिक तौर पर संगठित व जागृत नहीं होता है वह समाज सब कुछ होते हुए भी कभी भी किसी भी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने सैनी समाज के सभी युवा वर्ग को आह्वान किया कि वे बिना दहेज के शादी करवाने को प्राथमिकता देने के अलावा अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और राजनीतिक तौर पर जागृत होकर संगठित हो जाए फिर कोई भी ताकत उन्हें किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है।

## अमित सैनी का नेशनल टीम में चयन



नोहर। ऑल इण्डिया फुटबाल फैडरेशन के तत्वावधान में इंदौर (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वली अखिल भारतीय सब जूनियर नेशनल फुटबाल चैम्पियनशिप में नोहर (हनुमानगढ़) के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ इसमें से माली सैनी समाज के युवा खिलाड़ी अमित सैनी का भी चयन हुआ।

राजस्थान फुटबाल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों के चयन से युवाओं में भी फुटबाल के प्रति रूचि बढ़ेगी। इसके चयन पर जिला फुटबाल संघ के प्रशिक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी। समाज के अनेकों पदाधिकारियों ने भी अमित सैनी के चयन पर बधाई प्रेषित की तथा उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर राजस्थान की टीम के विजयी होने की कामना की।

## कमलेश सैनी बनी जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष



अलवर। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष शकुंतला रावत ने कमलेश सैनी को अलवन जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें 15 दिन में जिले की कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं। सैनी इससे पहले शहर कांग्रेस कमेटी में दो बार महामंत्री तथा नगर परिषद में सभापति रही हैं। सैनी को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्रसिंह व जिला अध्यक्ष टीकाराम जूली की सहमति से नियुक्त किया है।

समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रीमती कमलेश सैनी को जिलाध्यक्षा बनने पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके कांग्रेस पार्टी के हितों के साथ सभी वर्गो के भलाई के कार्य कर लाभिान्वित करने की बात कही।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा


श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर

श्री झुमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, राम. भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, राम. भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की सूंर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 9828247868

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता राशी भेज सकते है**

डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।

**सदस्यता राशि**

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

# झलकियां



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर श्री राजेन्द्र गहलोत का माल्यार्पण कर स्वागत करते जोधपुर वासी



राजस्थान की मुख्यमंत्री वंसुधरा राजे अपने जोधपुर प्रवास में रामद्वारा के संत श्री रामप्रसाद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए



राजस्थान युवा बोर्ड श्री भुपेन्द्र सैनी का समाज द्वारा सम्मान समारोह



भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री अशोक सैनी का गृह जिले में हुआ हार्दिक स्वागत






कर्मयोगी श्री भगवानसिंह परिहार की पृथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में श्रृद्धांजलि अर्पित करते बच्चें एवं श्री राजेन्द्र सोलंकी, श्री राजेन्द्र परिहार एवं अन्य जनप्रतिनिधि रक्त दाताओं का होंसला बढ़ाते हुए





पीपाड़ नगर पालिका अध्यक्ष श्री महेन्द्र कच्छवाहा के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मान करते श्री रामेश्वर डूडी, श्री ऊंकारराम कच्छवाहा एवं श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा को आशीर्वाद प्रदान करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत









*Your Personal Home Maker*

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

*Vineet Gehlot*

shrigehlothandloom@gmail.com

# श्री GEHLOT HANDLOOM

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

**130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198**



स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई–मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR




log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org